लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

दिनांक 14 जनवरी, 2019 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आपात बैठक संख्या 1/2019 की कार्यवाही

उपस्थिति

1. प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. प्रो0 आर0के0 सिंह, प्रति कुलपति	–	सदस्य
3. प्रो0 अमिता बाजपेयी, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय	–	सदस्य
4. प्रो0 कालीचरन स्नेही	–	सदस्य
5. प्रो0 राम मिलन	–	सदस्य
6. श्री संजय मेधावी	–	सदस्य
7. डॉ0 रंजना वैशम्पायन	–	सदस्य
8. डॉ0 आराधना पाण्डेय	–	सदस्य
9. डॉ0 रंगोली चन्द्रा	–	सदस्य
10. डॉ ए0ए0 फारुकी	–	सदस्य
11. श्री एस0के0 शुक्ल, सचिव	–	सचिव

बैठक आरम्भ करने से पूर्व कार्य परिषद अध्यक्ष मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये आपात बैठक आहूत किये जाने के कारणों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया, तत्पश्चात् अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा अपना कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रो0 वी0के0 गोस्वामी,व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, के कार्यपरिषद में योगदान एंव सहयोग की सराहना करते हुये उनका आभार व्यक्त किया। तदोपरान्त कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा कार्यपरिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति/अनुरोध पर मा0 कुलपति जी ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

बैठक की कार्यवाही 1/2019

मद सं 01 –दिनांक 14.01.2019 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद की आपात बैठक की संस्तुतियों पर विचार करना तथा निर्णय लेना।

कार्यपरिषद ने विद्या परिषद की आपात बैठक दिनांक 14.01.2019 में की गयी संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार करते हुये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम0फिल/पी0एच0डी0 डिग्री प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड एंव प्रक्रिया)(प्रथम संशोधन) विनियम 2018 के प्राविधान को परन्तुक (Proviso) के रुप में यथास्थान लखनऊ विश्वविद्यालय पी0एच0डी0 अध्यादेश 2018 तथा लखनऊ विश्वविद्यालय एम0फिल0 अध्यादेश 2018 में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया तथा उसे सत्र 2018–19 के पी0एच0 डी0 प्रवेश से लागू किये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक के अन्त में कुलसचिव/सचिव कार्यपरिषद द्वारा सभापति सहित बैठक में प्रतिभागी सभी सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

(हस्ताक्षर)	(हस्ताक्षर)
एस0के0शुक्ल	प्रो0 एस0पी0सिंह
कुलसचिव/सचिव	कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner